सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-522**
27/10/2017

जदयू के वरिष्ठ नेता श्री अनिल हेगड़े के पिता एच0 नारायण हेगड़े का निधन, मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 27 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू के वरिष्ठ नेता श्री अनिल हेगड़े के पिता एच0 नारायण हेगड़े के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अपने दीर्घायु जीवन में एच0 नारायण हेगड़े का सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अहम योगदान रहा है। वे एक विद्वान अधिवक्ता भी थे। उनके निधन से विधि के क्षेत्र के साथ–साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। स्व0 एच0 नारायण हेगड़े कर्नाटक के उडुपी जिले के निवासी थे।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******